परेशानी 60 गांव के उपभोक्ताओं के लिए एक मात्र बैंक होने से हो रही परेशानी, बाकल में अन्य बैंकों की शाखा खोलने की मांग

उपज का भुगतान पाने के लिए लग रही लंबी कतारें

नवभारत, बाकल। सरकारी योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग के दावों के बीच जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। जिले के ग्राम बाकल में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इन दिनों भारी कैश किल्लत से जूझ रही है, जिसका सीधा असर किसानों, मजदूरों, पेंशनधारियों और लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं पर पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोग अपनी ही जमा पूंजी और फसल की उपज का भुगतान पाने के लिए सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। सुविधाओं के नाम पर क्षेत्र में जगह-जगह कियोस्क सेंटर तो खोल दिए गए हैं, लेकिन इन सेंटरों पर भी नकदी उपलब्ध नहीं रहती। ऐसे में ग्रामीणों को मुख्य शाखा पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है, जहां पहले से ही भीड़ और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है। ग्राम बाकल में स्थापित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्र की पहली और प्रमुख बैंक है, जिसके भरोसे लगभग 60 गांवों की आबादी आश्रित है। इसके बावजूद बैंक में रोजाना नकदी की भारी कमी बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि बैंक में अक्सर रुपए खत्म हो जाते हैं और उपभोक्ताओं को उनकी ही जमा पूंजी टुकड़ों-टुकड़ों में दी जाती है। धान उपार्जन के बाद हाल ही में किसानों के खातों में फसल का पैसा भेजा गया है। भुगतान की सूचना मिलते ही किसान बड़ी संख्या में बैंक पहुंच रहे हैं, लेकिन नकदी के अभाव में उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। कई किसानों ने बताया कि यदि किसी दिन कुछ राशि मिल भी जाती है, तो उसके बाद दो-तीन दिनों तक दोबारा इंतजार करना पड़ता है। किसानों का कहना है कि बैंक द्वारा प्रति व्यक्ति अधिकतम 50 हजार रुपए ही निकासी की अनुमति दी जा रही है। ऐसे में जिन किसानों को बड़ी राशि निकालनी होती है, उन्हें रोजाना कई किलोमीटर की दूरी तय कर बार-बार बैंक आना पड़ता है। कई बार तो 20 हजार रुपए तक भी नसीब नहीं हो पाते। किसानों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि वर्षों से यह प्रक्रिया निरंतर चली आ रही है। इस संबंध में जब सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बाकल शाखा के प्रबंधक हेमंत कुमार चढ़ार से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि ऊपर से जितना कैश प्राप्त होता है, उसी के अनुसार वितरण किया जा रहा है। कम मात्रा में नकदी मिलने के कारण प्रति व्यक्ति अधिकतम 50 हजार रुपए ही आहरण किया जा रहा है। नकदी संकट का असर सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं है। मजदूर वर्ग, पेंशनधारी बुजुर्ग और लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाएं भी रोजाना बैंक के बाहर कतार में लगी नजर आती हैं। बुजुर्गों का कहना है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी कई बार पेंशन नहीं मिल पाती। न बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही पेयजल की, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बाकल क्षेत्र में करीब 50 दशकों से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अलावा कोई अन्य बैंक शाखा नहीं है। इसी वजह से इस बैंक पर अत्यधिक कार्यभार रहता है और उपभोक्ताओं को लगातार बैंकिंग समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खराब सेवाओं से परेशान लोग मजबूरी में बहोरीबंद स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का रुख करते हैं, जो कि काफी दूरी पर स्थित है। क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर जिला प्रशासन से बाकल में किसी अन्य राष्ट्रीयकृत या निजी बैंक की शाखा खोलने की मांग की है। ताकि क्षेत्र के लोगों को परेशानी नहीं हो।

महिला को जलाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

महिला पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने के प्रयास का मामला

नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना अंतर्गत मझगवां गांव में एक महिला को जिंदा जलाने के प्रयास के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मझगवां छघरा निवासी संतरा बाई पति दुर्जन कोल (50) के दामाद देवीदीन से 28 जनवरी की रात करीब 1 बजे गांव के राज रैकवार और मोनू रैकवार गाली-गलौज कर रहे थे। गाली देने से मना करने पर दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए। इसी दौरान भोला कोल भी मौके पर पहुंचा, जहां तीनों आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की नीयत से उसके मुंह में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। जिससे उसके चेहरे पर आग लग गई और वह गंभीर रूप से झुलस गई। शोर सुनकर परिजन बाहर आए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज जारी है। इस मामले में पुलिस ने वारदात के बाद से फरार हुए आरोपी राज रैकवार, मोनू रैकवार और भोला कोल को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में बड़वारा प्रभारी एसआई केके पटेल, एएसआई रामनाथ साकेत, एएसआई सतेंद्र सिंह, आरक्षक दीपक सिंह, आरक्षक बृजलाल प्रजापति, आरक्षक चालक शिवप्रकाश तिवारी की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई है।

एक नजर में

गेहूं खरीदी के लिए सात फरवरी से होगा पंजीयन

नवभारत, कटनी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 7 फरवरी से 7 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। किसानों से कहा गया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें। जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो वर्ष से 160 रूपए अधिक है। पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों, सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिए शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिए 50 रूपए से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज किसान के आधार कार्ड और अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा। सिकमी, बटाईदार, कोटवार और वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा सिर्फ सहकारी समिति, सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। पूर्व वर्षों की किसी अपात्र संस्था में केन्द्र प्रभारी और ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में पंजीयन के लिए नहीं रखा जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा।

सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया

जिला प्रशासन संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, तैनात रहा पुलिस बल

नवभारत, कटनी। शहर के उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में प्रशासन, पुलिस और नगर निगम ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है। हाईकोर्ट के आदेश पर हॉस्पिटल लाइन में लगभग 1600 वर्गफीट शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, हॉस्पिटल लाइन में खेपचंद मोटवानी नामक व्यक्ति ने लगभग 1600 वर्गफीट शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कराया था। यह निर्माण कई दुकानों के रूप में किया गया था। इस मामले में किशोर जियानी ने शिकायत दर्ज कराई थी और इसे हाईकोर्ट तक ले जाया गया। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद अवैध अतिक्रमण को तोड़ने का आदेश जारी किया था।

इसके बाद खेपचंद को चार बार नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके बाद गुरुवार को प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची और निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, हर्षवर्धन रामटेके, माधवनगर थाना प्रभारी संजय दुबे, पटवारी चंद्रशेखर कोरी, ब्रजबिहारी दुबे, दादूराम पटेल, विनीत सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सड़क चौड़ीकरण करने के लिए हटाए जा रहे चिन्हित किए गए हिस्से

समझाइश और सहयोग के बाद अब मार्ग का चौड़ीकरण होगा

नवभारत,कटनी। शहर विकास और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। निर्धारित योजना के अनुरूप इस मार्ग की शेष चिन्हित संरचनाओं को हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है, जिससे मार्ग के शेष विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। मार्ग की चिन्हित संरचनाओं को अलग करने की कार्रवाई के दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा स्थल पर की जा रही कार्रवाई का निरीक्षण किया। उन्होने अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह और लोक निर्माण शाखा के अधिकारी कर्मचारियों को पूरी सुरक्षा के बीच कार्रवाई करने के लिए कहा। सहायक यंत्री सुनील सिंह ने बताया कि नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधित दुकानदारों और भवन स्वामियों को आवश्यक सूचना प्रदान की गई थी। समझाइश और सहयोग के बाद अब मार्ग चौड़ीकरण के लिए आवश्यक अतिक्रमण हटाने का कार्य नगर निगम और राजस्व विभाग के संयुक्त सहयोग से कराया जा रहा है।

अभियान के दौरान यातायात व्यवस्था और जनसुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मार्ग चौड़ीकरण पूरा होने के बाद इस क्षेत्र में लगने वाले यातायात जाम से राहत मिलेगी, दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। आम नागरिकों को सुगम, सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही शहर की सौंदर्यता और व्यवस्थित स्वरूप को भी मजबूती मिलने के साथ ही क्षेत्र का व्यवसाय भी सुदृढ़ होगा।

नदी के किनारे रेत के ढेर में दबकर पांच वर्षीय मासूम की मौत

बरही थाना क्षेत्र के बहेरघटा गांव में हुई घटना

नवभारत, कटनी। मलबे में दबने से 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरघटा में बुधवार शाम को हुई है। उमरार नदी किनारे खेल रही 5 वर्षीय बच्ची पर रेत का टीला गिर गया। जिससे वह मलबे में दब गई। दम घुटने से बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बहेरघटा निवासी मिथुन केवट की बेटी निशा केवट (5) बुधवार शाम करीब 7 बजे अपने साथियों के साथ उमरार नदी के किनारे खेल रही थी। खेलते समय अचानक नदी किनारे जमा रेत का एक बड़ा टीला निशा के ऊपर गिर गया। जब तक उसके साथ खेल रहे बच्चे कुछ समझ पाते और मदद के लिए शोर मचाते, निशा पूरी तरह रेत के नीचे दब चुकी थी। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को रेत के ढेर से बाहर निकाला। परिजन उसे तत्काल बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस के बाद पुलिस ने मृत बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कथा स्थल पर चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान

रंगनाथ नगर क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 31 से

नवभारत, उमरियापान। रंगनाथ सेवा समिति द्वारा में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। जिस पर नगर निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों और सभी पहुंच मार्गों में प्रतिदिन विशेष सफाई अभियान चला रहा है।

नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त हरसिमरन प्रीत कौर के निर्देश पर नगर निगम के स्वास्थ्य टीम द्वारा रंगनाथ नगर, कथा स्थल, प्रमुख मार्गों, समस्त पहुंच मार्गों सहित आवागमन स्थलों पर झाड़ू लगाकर कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, सड़क किनारे जमा अपशिष्ट और घास झाड़ियों को हटाने, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छ कराया जा रहा है। साथ ही नियमित रूप से कचरा उठाव और स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

टैक्स के लक्ष्य को पूरा करने हर दिन करनी होगी मेहनत

राजस्व वसूली के कार्य की उपायुक्त ने की समीक्षा

नवभारत, कटनी। वित्तीय वर्ष के बचे दिनों के मद्देनजर नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साप्ताहिक वसूली कार्य की लगातार समीक्षा की जा रही है। नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही निर्धारित किए गए लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि कर वसूली टीम को पहले ही टारगेट दिए गए हैं। निर्धारित लक्ष्य को पाना है तो प्रतिदिन मेहनत करनी होगी, तभी सफलता मिल सकेगी। नगर निगम कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक, लेखाधिकारी श्रीकांत तिवारी सहित राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही। बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा वार्डवार वसूली जानकारी दी गई।

बदहाली का शिकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरीजों के बैड में सो रहे कुत्ते

कछार गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं मिल रहा इलाज

नवभारत, ढीमरखेड़ा। जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले कछार गांव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाली का शिकार हो गया है। अव्यवस्था इतनी हावी है कि मरीजों को बगैर इलाज के ही वापस लौटना पड़ रहा है। 27 जनवरी 2026 को ग्राम इटैली निवासी पिंटू तिवारी अपनी गर्भवती पत्नी को इलाज के लिए लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कछार पहुंचे थे। पिंटू तिवारी ने बताया कि जब वे अस्पताल पहुंचे, तो वहां सन्नाटा पसरा हुआ था। न तो कोई डॉक्टर ड्यूटी पर तैनात था और न ही कोई पैरामेडिकल स्टाफ नजर आया। जब पीड़ित अपनी पत्नी की जांच कराने के लिए अस्पताल के कमरों के अंदर गया, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गया। जिस बेड पर मरीजों का इलाज होना चाहिए था, वहां बेखौफ होकर कुत्ते लेटे हुए थे। काफी देर इंतजार करने और पूरे अस्पताल परिसर में खोजबीन करने के बाद भी जब कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं मिला, तो पिंटू तिवारी को अपनी गर्भवती पत्नी को बिना इलाज कराए ही वापस घर ले जाना पड़ा। क्षेत्र के सबसे बड़े स्वास्थ्य केंद्रों में शुमार इस अस्पताल की ऐसी दुर्दशा पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि आपातकालीन समय में भी यहां स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं रहतीं। साफ-सफाई का अभाव है और अस्पताल परिसर आवारा पशुओं का अड्डा बन गया है। ड्यूटी से गायब रहने वाले स्टाफ पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। क्षेत्र में रहने वाले पिंटू तिवारी ने जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

बैठक नगर निगम उपायुक्त ने की बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक, स्वनिधि योजना के प्रकरण स्वीकृति के निर्देश

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

नवभारत, कटनी। नगर निगम के माध्यम से संचालित शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने नगर के विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक जल्द और पारदर्शी रूप से पहुंचना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित ईडब्ल्यूएस आवास और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स के ऋण स्वीकृति प्रकरणों में समय-सीमा में निराकरण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऋण स्वीकृति में देरी से योजनाओं के मूल उद्देश्य प्रभावित होते हैं, सभी बैंक आपसी समन्वय के साथ प्रकरणों को जल्द से जल्द स्वीकृत करें, जिससे हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अनिल जायसवाल ने बताया कि यह प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। योजना के अंतर्गत हितग्राही को पंजीयन के लिए 20 हजार रुपए और पात्रता निर्धारण बाद 1 लाख 80 हजार रुपए की राशि डीडी या नकद के माध्यम से जमा करनी होती है। इसके बाद नगर निगम, बैंक और हितग्राही के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध किया जाता है। योजना में केंद्र और राज्य शासन का अंशदान भी सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा ईडब्ल्यूएस आवासों का निर्माण पूर्णता की ओर है, जिनका जल्द ही वितरण किया जाएगा। बैठक के दौरान बैंक प्रतिनिधियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता का विषय उठाए जाने पर उपायुक्त ने नगर निगम अधिकारियों को हितग्राहियों के दस्तावेज, स्थल लेआउट की प्रति, त्रिपक्षीय अनुबंध का प्रारूप और अलग-अलग विवरण जल्द बैंकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही हितग्राहियों के होल्ड खातों से संबंधित मामलों में समन्वय स्थापित कर जमा राशि की वापसी के लिए आवश्यक पत्राचार करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स के प्रकरणों पर कार्रवाई कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में उपयंत्री जयेंद्र प्रताप सिंह, सिटी मिशन मैनेजर यश रजक, सहायक लेखाधिकारी श्रीकांत तिवारी सहित अलग-अलग बैंकों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

शहीदों की याद में सरकारी कार्यालय में दो मिनट का मौन आज

नवभारत, कटनी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार 30 जनवरी को सुबह 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखे जाने के निर्देश दिए गए है। नगरपालिक निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों से शहीद दिवस को शासन निर्देशानुसार पूरी गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गई है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए सुबह 11 बजे कार्य और अन्य गतिविधियां रोककर दो मिनिट का मौन रखा जाएगा। शहीदों की याद में दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने और समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जाएगी। सायरन 10 बजकर 59 मिनट से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11 बजकर 2 मिनट से 11 बजकर 3 मिनट तक दोबारा क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल के अनुसार सभी व्यक्ति खडे हो जाएं और मौन धारण करें। उपायुक्त ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से शहीद दिवस पर मौन धारण करने के निर्देश दिए है।



धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024